# TENDER DOCUMENT

## मप्र वन विभाग

निविदा – वन मण्डल सतना एवं वन मण्डल मैहर के अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में उपयोग हेतु मोबाइल क्रय करने के संबंध


कार्यालय –वन मण्डलाधिकारी सतना वनमण्डल

जिला–सतना 485001 (म.प्र.)

**Email- dfotsatna@mp.gov.in**

**Mob- 07672-223355**

## SECTION I

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, वन मण्डल , मध्यप्रदेश

NIT. No.5389/e-tendering/2025-26 Dated 12/06/2025

वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल द्वारा म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित –2022) के अन्तर्गत वन मण्डल सतना एवं वन मण्डल मैहर के अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में उपयोग हेतु मोबाइल क्रय करने की आवश्यकता है। सामग्री प्रदाय करने हेतु एम0 पी0 ई–टेन्डरिंग पद्धति से ऑनलाईन पोर्टल https/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यंकार राशि (EMD) | निविदा दस्तावेज का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | वन मण्डल सतना एवं वन मण्डल मैहर के अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में उपयोग हेतु मोबाइल क्रय करने बावत् ई–निविदा | 30,000/- (Thirty Thousand Only) | 1000/- (One Thousand Only) |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 13.06.2025 बजे 02:00PM से (दिनांक) 02.07.2025 बजे 02:00PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। इस कार्यालय के आवश्यकतानुसार सफल निविदाकार को निविदा सामग्री अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्य आदेश अनुसार प्रदान करना होगा।
- ई–निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल। **https://www.mptenders.gov.in**

(मयंक चांदीवाल)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, सतना

# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल सतना

## जिला– सतना/मैहर (म.प्र.)

PHONE ☎-07672-223355 E- MAIL-dfotsatna@mp.gov.in

क्रमांक/स्टोर/2025–26/ 5389 सतना, दिनांक 12/06/2025

### वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतुनिविदा शर्ते

1. निविदा प्रपत्र म0प्र0शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी वन विभाग की वेब.साईट https://mpforest.gov.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।
2. यह निविदा वन मण्डल सतना एवं मैहर के लिये सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।
3. सामग्री क्रय हेतु निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आनलाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी।
4. निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण आनलाईन देखी जा सकती है :–

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | 13-06-2025 & 06:00PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in परदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | 13-06-2025 & 06:00PM | |
| Pre Bid Meeting Date | - | |
| Bid Submission Start Date & Time | 13-06-2025 & 06:00PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | 02-07-2025 & 02:00PM | |
| Bid Opening Date & Time | 03-07-2025 & 02:00PM | |

5. यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नही जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्य दिवस पर दोहपर 01:00 बजे खोली जावेगी।
6. प्रक्रिया-1 निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये राशि 1000.00रूपये: (एक हजार रूपये मात्र) है। इसे ऑनलाईन जमा किया जाना है।
7. प्रक्रिया-2 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित अपलोड किये गये दस्तावेज देखा जावेगा।
8. प्रक्रिया-3 तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो को ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

9. प्रक्रिया–4 वित्तीय निविदा में चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व निष्पादन सुरक्षा राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ.डी.आर./ड्राफ्ट/बैकर्स चेक/ऑन लाईन के माध्यम से वन मण्डलाधिकारी सतना वनमण्डल (सा.) के पक्ष में जमा कर अपलोड करना अनिवार्य है।

(मयंक चांदीवाल)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, सतना

## SECTION II

### INSTRUCTIONS TO BIDDERS (ITB)

### A. Important Dates / General Information

| Sr. no | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का संक्षिप्त विवरण | वित्तीय वर्ष 2025–26 वन मण्डल सतना एवं वन मण्डल मैहर के अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में उपयोग हेतु मोबाइल क्रय बावत् ई–निविदा का आमंत्रण |
| 2 | ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | संख्या 5389 दिनॉक 12/06/2025 |
| 3 | निविदा शुल्क/निविदा दस्तावेज की लागत | ₹ 1000/- प्रोसेसिंग फीस + एवं पोर्टल फीस (पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से निर्धारित) |
| 4 | सत्यांकार निधि | ₹ 30,000/- |
| 5 | निविदा प्रस्ताव की वैधता | Within the Financial year (2025-26) in which the bid has been invited by Divisional Forest Officer Satna and Maihar Division. |
| 6 | सफल निविदाकार द्वारा जमा की जाने वाली धरोहर राशि/निष्पादन सुरक्षा राशि | ₹ 30,000/- |
| 7 | एक वर्ष हेतु अनुमानित निविदा मूल्य | ₹ 10,00000/- |
| 8 | निविदा पूर्व बैठक की तिथि और समय | - |
| 9 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (अंतिमतिथि) | पोर्टल पर शेडयूल देखें |
| 10 | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | पोर्टल पर शेडयूल देखें |
| 11 | प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | पोर्टल पर शेडयूल देखें |
| 12 | निविदा जमा करने का प्रकार | Online Submission at https://mptenders.gov.in/ |

1. निविदा की स्वीकृत दरों की वैधता सफल निविदाकार और वन मण्डलाधिकारी सतना वन मण्डल के बीच आपसी सहमति के अधीन 90 दिनों तक बढ़ाई जा सकती है।
2. वन मण्डलाधिकारी सतना वन मण्डल (निविदाकर्ता) किसी भी समय और बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है। निविदाकर्ता कोई भी स्पष्ट या निहित प्रतिबद्धता नहीं करता है किस इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप किसी के साथ कोई व्यापारिक लेनदेन होगा। यह प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी) निविदाकर्ता द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं है। इस प्रक्रिया में निविदाकर्ता, निविदाकार की भागीदारी के परिणामस्वरूप, निविदाकार से जानकारी या स्पष्टीकरण मांग सकता है। हालॉकि, निविदाकर्ता किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इस प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है।

(मयंक चांदीवाल)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, सतना

## निविदा फार्म

मैं/हम.......................................................................................................................................

वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल सतना एवं मैहर के समस्त क्षेत्रों के कार्यालयीन कार्य में उपयोग हेतु मोबाइल क्रय करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा के लिये सामग्री के समक्ष अंकित की गई दर पर वन मण्डल कार्यालय सतना में पहुंचाकर प्रदाय करने के लिए निविदा प्रस्तुत करता हूँ/करते है –

| Sl.No. | Item Description | Demand |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | **Branded Mobile Phone** | आवश्यकतानुसार |
| 1.1 | **Display:** 6.5-inch or above, Super AMOLED, 1080 x 2340 resolution, 90Hz refresh rate.<br>**Processor:** MediaTek Dimensity 6300, Octa-core, 2.4 GHz.<br>**RAM:** 6GB or above<br>**Storage:** 128GB internal or above and expandable via microSD card (up to 1.5TB).<br>**Rear Camera:** 50MP main, 5MP ultra wide, 2MP macro.<br>**Front Camera:** 13MP.<br>**Battery:** 5000mAh.<br>**Operating System:** Android 14 or above<br>**Other Features:** IP54 splash resistance, USB-C port, 3.5mm headphone jack if available, side-mounted fingerprint sensor.<br>**Connectivity**<br>• USB Interface USB Type-C, USB Version USB 2.0<br>• Location Technology GPS, Glonass, Beidou, Galileo or higher<br>• Earjack3.5mm Stereo<br>• Wi-Fi802.11 a/b/g/n/ac 2.4G+5GHz, VHT80<br>• 5G, Wi-Fi,<br>• Wi-Fi Direct Yes<br>• Bluetooth Version Bluetooth v5.3<br>**General Information**<br>• Form Factor Touch screen Bar<br>• Compass or Magnetometer- Yes<br>• Gyroscope – Yes<br>• Accelerometer – Yes<br>• Language Support – (india) –Yes<br>• GEO Tagging – Yes Enabled<br>• Screen Guard – Gorillas Glass<br>**Charger :- 25 w Fast Charging with cable (Same Brand As mobile)**<br>**Warranty :- 3 years** | |

हस्ताक्षर
निविदाकार
दिनांक.............................

# निविदा की शर्ते

1. निविदा स्वीकार करने अथवा बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार वनमण्डल अधिकारी सतना को होगा।
2. इस निविदा की स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 (31.03.2026 तक) अथवा आगामी निविदा होने तक लागू रहेगी।
3. सफल निविदाकार को निविदा फॉर्म ऑनलाईन भरते समय ई.एम.डी. राशि के अतिरिक्त (जो निविदा प्रक्रिया ए.ओ.सी. पूर्ण उपरांत वापस हो जाती है) पृथक से कार्य आदेश प्रदाय के पूर्व राशि रूपये 30,000/– (रूपये तीस हजार मात्र) का **धरोहर राशि** जमा करना अनिवार्य रहेगा, जो निविदा अवधि (31 मार्च 2026) के बाद 90 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक रहेगा एवं धरोहर के रूप मे **''वनमण्डल अधिकारी सतना''** के पक्ष में देय होगा।
4. प्रदाय किये गये मोबाइल पर प्रदाय दिनांक से 03 वर्ष तक की वारंटी निविदाकार द्वारा दी जायेगी। इस अवधि में यदि कोई मोबाइल खराब होता है, तो निविदाकार को सूचना प्राप्त होने के 03 दिवस के अंदर मोबाइल मरम्मत हेतु प्राप्त कर मोबाइल ब्राण्ड के अधिकृत सर्विस सेंटर से पूर्ण मरम्मत कराकर पुनः प्रदाय करना होगा। यदि मरम्मत मे कुल 07 दिवसों से अधिक का समय लगता है तब मरम्मत अवधि में निविदाकार द्वारा उसी ब्राण्ड का (Make & Model) दूसरा चालू स्थिति का मोबाइल उपलब्ध कराना होगा।
5. निविदा Boq में सामग्री की दर जिस इकाई में मांगी गई है, उसी इकाई में मान्य होगी। किसी अन्य इकाई निविदा फार्म में भरने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
6. निविदा संबंधी अनिवार्य अभिलेख :–

| क्र. | अभिलेखों का विवरण | संलग्न किये जाने वाले पृष्ठों की अनुमानित संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकार का जीवित जी.एस.टी. पंजीयन | 01 |
| 2 | निविदाकार के पेन कार्ड की छायाप्रति। | 01 |
| 3 | निविदाकार के आधार की छायाप्रति। | 01 |
| 4 | फर्म के स्थापना पंजीयन की छायाप्रति | 01 |
| 5 | 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा ब्लेक लिस्टिंग न होने संबंधी प्रमाण पत्र (अनुलग्नक –1) | 01 |
| 6 | निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म का विवरण – अनुलग्नक –2 | 02 |
| 7 | निविदाकार के संबंध में सामग्री प्रदाय करने हेतु स्थल निरीक्षण के संबंध में संतुष्टि प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा (अनुलग्नक –3) | 01 |
| 8 | **स्टार्टअप इंडिया प्रमाणपत्र** यदि वार्षिक औसत अनुभव/आयकर रिटर्न से छूट मॉगी गई है, तो । | 01 |
| 9 | निविदा की शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ एवं अंत में दर्शित शपथ –पत्र (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) | 03 |
| | **कुल** | 12 |
| | | |

7. निविदाकार द्वारा उपरोक्त निविदा शर्तो के अनुरूप 12 अभिलेखों को ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना होगा, किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम पृष्ठों की संख्या 35 होगी। यदि आपके द्वारा संलग्न अभिलेख 35 पृष्ठ से अधिक पाये जाते है या कोई अनावश्यक दस्तावेज जो इस निविदा से संबंधित नहीं है, उसे संलग्न किया जाता है, तो आपकी निविदा बिना किसी पूर्व सूचना के **अमान्य कर दी जावेगी**, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार होंगे।
8. निविदा प्रस्तुत दरें प्रदाय स्थल तक परिवहन (लोडिंग, अनलोडिंग, स्टेकिंग सहित) एवं समस्त देय करों सहित होगी।
9. प्रदाय आदेश जारी होने की तिथि से **07 दिवस के** अन्दर **दिये गये स्पेशीफिकेशन के अनुरूप** सामग्री, कार्य आदेश मे वर्णित स्थल पर प्रदाय करना **अनिवार्य** होगा। 07 दिवस के अंदर सामग्री, संबंधित स्थल पर प्राप्त नहीं होने पर संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी/उप वनमण्डल अधिकारी/संचालक, मुकुन्दपुर जू इस कार्यालय को सूचना देते हुये स्वयं बाजार दर पर कय करने हेतु अधिकृत होंगे एवं अंतर की राशि निविदा दर से अधिक होने पर निविदा शर्त अनुसार निविदाकार से वसूल की जा सकेगी। प्रदाय आदेश निविदाकार द्वारा प्रदाय किये गये **स्थाई पता अथवा E-Mail अथवा Whatsaap No.** पर प्रदाय किया जावेगा जो मान्य होगा। यदि निविदाकार द्वारा समय–सीमा मे सामग्री नहीं प्रदाय की जाती है, तो **निविदाकार को काली सूची मे दर्ज कर धरोहर राशि राजसात की जावेगी।**
10. सामग्री स्थल पर प्रदाय करने के उपरान्त प्राप्ति की रसीद सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा तथा गुणवत्ता की संतुष्टि कराना निविदाकार का उत्तरदायित्व होगा।
11. शर्तो के अतिरिक्त अन्य शर्त शासन नियमानुसार परिवर्तन एवं संशोधन करने का अधिकार वन मण्डलाधिकारी सतना को होगा, जिसे निविदाकार को मान्य किया जाना होगा।
12. निविदा में संलग्न शर्तो के अनुसार दस्तावेज अपूर्ण होने की स्थिति में निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी, जिसके लिये आप स्वतः उत्तरदायी होगे।
13. भुगतान पर प्रचलित नियमानुसार टी.डी.एस. की राशि काटी जावेगी।
14. इस निविदा में दर्शित सामग्री स्पेशीफिकेशन अनुसार एवं ब्राण्डेड मोबाइल ही प्रदाय किये जावें।
15. जिन बिन्दुओं के संबंध मे प्रावधान इस निविदा सूचना में नहीं है, उनके सम्बन्ध में वन मण्डल अधिकारी सतना को निर्णय लेने का अधिकार होगा एवं निविदाकार को वह निर्णय मान्य करना बन्धनकारी होगा।
16. यहकि सफल निविदाकार को किसी अन्य व्यक्ति, फर्म/संस्था को निविदा हस्तांतरित करने का अधिकार किसी भी दशा मे नही होगा।
17. समस्त विवाद का न्यायालयीन क्षेत्र सतना रहेगा।

18. उपरोक्त शर्तो में परिवर्तन वनमण्डलाधिकारी सतना द्वारा किया जा सकेगा एवं वनमण्डल अधिकारी का निर्णय सर्वमान्य होगा।

19. किसी भी समय किसी भी परिस्थिति मे निविदा निरस्त करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी सतना का होगा, जिसे निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी रहेगा।

20. निविदा स्वीकृति उपरान्त सफल निविदाकार द्वारा बिन्दु कमांक 1 से 19 मे उपरोक्त वर्णित शर्तों मे से किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर उसकी निविदा निरस्त कर, ई.एम.डी. की राशि शासन के पक्ष मे राजसात की जावेगी तथा द्वितीय सफल निविदाकार को उपरोक्त शर्तों के अधीन सामग्री प्रदाय आदेश प्रदाय किया जावेगा।

**वन मण्डल अधिकारी, सतना**

**शपथ –पत्र**

मैं ........................................................................ घोषणा करता हूँ कि मुझे इस निविदा में उक्त सभी शर्ते मन्जूर हैं । निविदा शर्त के बिन्दु क्रमांक 1 से 20 मे उपरोक्त वर्णित शर्तों मे से किसी भी शर्त का मेरे द्वारा उल्लंघन करने पर एवं गलत जानकारी देने की स्थिति में मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूँगा तथा वन मण्डल अधिकारी सतना का निर्णय मुझे मान्य होगा ।

**निविदाकर्ता /फर्म का नाम ..........................................**

**सील एवं हस्ताक्षर**

**दिनांक :–**

# अनुलग्नक - 1

प्रारूप: स्वघोषणा – ब्लैक लिस्टिंग प्रमाण पत्र नहीं

***रू 100 के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना है***

तारीख: दिन/माह/वर्ष

सेवा में,

वन मण्डलाधिकारी,

वनमण्डल सतना

महोदय/महोदया,

निविदा संदर्भ संख्या________________________दिनांक __________के प्रत्युत्तर में वनमण्डल सतना एवं मैहर में ... की आपूर्ति, ____________________________________ के मालिक/भागीदार/निदेशक के रूप में,

मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म..........................................................................................का रिकार्ड बेदाग है और उसे किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अनिश्चितकाल के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए भ्रष्ट और धोखाधड़ी पूर्ण कार्यों के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

हम आगे घोषणा करते हैं कि वर्तमान में हमारी कंपनी/फर्म..............................................................................कालीसूची में नहीं है और न ही निविदा प्रस्तुत करने की तिथि पर किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भ्रष्ट और धोखाधड़ी पूर्ण व्यवहार के अलावा अन्य कारणों से काली सूची में नहीं डाली गई और न ही अयोग्य घोषित की गई है।

यदि यह घोषणा गलत पाई जाती है तो किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति पूर्णतः जब्त कर ली जाएगी तथा निविदा, यदि कोई हो, को स्वीकार की गई सीमा तक रद्द कर दिया जाएगा।

धन्यवाद,

निविदाकार का नाम:-

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता: -

संगठन की मुहर:-

तारीख:-

स्थान:-

# अनुलग्नक - 2

प्रारूप: निविदा में लगाने वाले व्यक्ति/फर्म का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नामः | |
| 2. | निविदाकार का नाम | |
| 3. | पिता का नाम:- | |
| 4 | स्थायी पता:- | |
| | | |
| | | जिला ..................................पिन कोड.................................. |
| | | मो0 नं0 |
| | | मो0 नं0 व्हाट्सएप |
| | | ई–मेल आई0डी0 |
| 5. | कार्यालय का पूरा पता:- | |
| | | |
| | | जिला ..................................पिन कोड.................................. |
| | | मो0 नं0 |
| | | मो0 नं0 व्हाट्सएप |
| | | ई–मेल आई0डी0 |

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं फर्म की सील**

# घोषणा

मैं..............................................पिता/पति.............................................. मैं घोषणा करता हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है। यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मैंने निविदा दस्तावेज की सभी शर्तों, नियमों और आवश्यकताओं को पढ़ और समझ लिया है तथा उनका पालन करने की शपथ लेता हूँ।

**निविदाकारकेहस्ताक्षर एवं फर्म की सील**